तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

11 लोकतंत्र पर आधारित रंगोली बना स्वयं सेवकों..


12 दो साल बाद भी जल जीवन मिशन का काम अधूरा...




# चुनाव मैदान में रह गए 17 प्रत्याशी, आवंटित किए गए चुनाव चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नाम वापसी का समय सोमवार को समाप्त होने के साथ प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए। सोमवार को एक प्रत्याशी ने नामांकन वापस लिया, इससे पहले नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी में 1 अभ्यर्थी रिजेक्ट हुआ था। लोकसभा निर्वाचन के लिए कुल 19 आवेदन भरे गए थे। अब 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

उल्लेखनीय है कि कुल 19 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा, लेकिन, स्क्रूटनी में निर्दलीय मानिक का नामांकन निरस्त कर दिया गया। इसके बाद चुनावी मैदान में 18 प्रत्याशी रह गए थे। साथ ही राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रत्याशी धनसिंग कोसरिया ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद चुनावी दंगल में अब 17 प्रत्याशी बचे हैं। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया है। सोमवार को नाम वापसी का अंतिम दिन रहा। चुनाव चिन्ह आबंटित होने के बाद अब प्रचार-प्रसार में तेजी आने की संभावना है।

## 19 ने भरे थे नामांकन, एक का निरस्त, एक ने वापस लिया अपना नाम




### इन्हें यह चुनाव चिन्ह हुए आवंटित

कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को हाथ, भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमार चौधरी को कमल का चिह्न, बसपा के बसंत सिन्हा को हाथी चुनाव चिह्न मिला है। इधर, हमर राज पार्टी के प्रत्याशी गणेश राम ध्रुव को बाल्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी फरीद कुरैशी को आरी, सुंदर समाज पार्टी के उम्मीदवार नितेश कुमार रात्रे को कांच का गिलास, राईट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी चंपालाल पटेल को प्रेशर कुकर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीद्वार डॉ वीरेंद्र चौधरी को बांसुरी, शक्ति सेना (भारत देश) नारद प्रसाद निषाद को गैस सिलेंडर और निर्दलीय प्रत्याशी संतोष दारचंद बंजारे को गन्ना किसान, कलिया प्रसाद सेठ को सीसीटीवी कैमरा, ईश्वर मार्कण्डे को तरबूज, रेखराम बाघ को पानी का जहाज, सुखनंदन देशकर को हरी मिर्च, प्रोफेसर सुरेश साहू को आटो रिक्शा, महेश स्वर्ण को क्रेन एवं मुकेश अग्रवाल को चुनाव चिह्न के रूप में कम्प्यूटर मिला है।

**लगाने ही पड़ेंगे दो बैलेट यूनिट** : नामांकन वापसी के बाद यह तय हो गया कि महासमुंद लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए डबल बैलेट यूनिट का इस्तेमाल किया जाएगा। क्योंकि, एक बैलेट यूनिट में अधिकतम 16 खाने होते हैं। इसलिए, पहले बैलेट यूनिट में 16 प्रत्याशियों के नाम अंकित होंगे और दूसरे यूनिट में एक प्रत्याशी और नोटा के विकल्प मौजूद रहेंगे।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## खबर संक्षेप

### लोकसभा क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक समीत होंगे

**महासमुंद**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में डॉ. समीत शर्मा (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। वे लोकसभा अंतर्गत सभी विधानसभाओं के लिए सामान्य प्रेक्षक होंगे। सामान्य प्रेक्षक डॉ. शर्मा से प्रतिदिन सबेरे 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्किट हाऊस में मुलाकात कर सकते हैं। उनके लाइजनिंग अधिकारी खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू को नियुक्त किया गया है।

पर्व: जगमगाएंगे आस्था के दीप, तैयारी पूरी

# चैत्र नवरात्रि के साथ आज से नव संवत्सरी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चैत्र प्रतिपदा के साथ ही सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होगी। इसी दिन से हिंदुओं का संवत्सर भी बदल जाता है। इस साल नए संवत्सर' पिंगल' से साल की शुरुआत होगी। इस वर्ष हिंदू नववर्ष की शुरुआत पर तीन राजयोग भी बन रहे हैं। साथ ही मां गौरी की आराधना का नौ दिवसीय महापर्व चैत्र नवरात्र के व्रत भी आरंभ हो जाएंगे, जिसकी तैयारी देवी मंदिरों में पूरी हो चुकी है। अखंड मनोकामना ज्योत के लिए क्यांरी बनाने का कार्य पूरा हो गया है। साथ ही मंदिरों में विद्युत सतरंगी झालरों से सजाया गया है।



### घट स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार संवत 2081 में आठ अप्रैल को सोमवार की रात 11:55 बजे चैत्र प्रतिपदा तिथि शुरू होगी। अगले दिन यानी 9 अप्रैल को रात 8.30 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा का व्रत नौ अप्रैल को रखा जाएगा। चैत्र नवरात्रि पर घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 6.11 बजे से शुरू होकर 10.23 बजे तक रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना होगी। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.03 बजे से 12.54 बजे तक रहेगा।

### इस बार खरमास के बीच पड़ रही नवरात्रि

वर्षों बाद हिंदू नववर्ष तथा चैत्र नवरात्र खरमास में पड़ रही है। मिली जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। पं किशोर दुबे ने बताया कि खरमास की शुरुआत 14 मार्च से हो चुकी है। यह 13 अप्रैल तक रहने वाला है। 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की भी शुरुआत होने वाली है, यानी नवरात्रि भी खरमास में शुरू होगी। लेकिन, खरमास का कुछ खास प्रभाव चैत्र नवरात्रि पर नहीं पड़ेगा। क्योंकि, नवरात्रि की शुरुआत के दिन अबूझ मुहूर्त है, जो शुभ माना जाता है।

### तैयारी जोरों पर, अखंड ज्योति की बुकिंग जारी

इधर, शहर की कुल देवी सहित शीतला, खल्लारी, धुंचापाली चंडी, रामेश्वरी, भवानी सहित शक्ति पीठों में नवरात्र की तैयारियों को लेकर मंदिरों को आकर्षक सज्जा की जा रही है। अखंड मनोकामना ज्योति के लिए बुकिंग लगातार चल रही है। महामाया मंदिर ट्रस्ट के सदस्य भाऊ राम साहू ने बताया कि ज्योति कलश के लिए बड़े दियों तथा सप्त प्रतिका तेल आदि के ऑर्डर दिए जा चुके हैं। सोमवार शाम तक करीब एक हजार अखंड मनोकामना ज्योत की रसीद कट चुकी थी।

# खल्लारी दर्शन के लिए नहीं करनी होगी सीढ़ियों की चढ़ाई, शुरु हुआ उड़न खटोला

## विधायक द्वारिकाधीश यादव के हाथों हुआ था भूमिपूजन, 8 करोड़ की लागत से हुआ तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/बागबाहरा

चैत्र नवरात्र की शुरुआत के साथ छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध माता तीर्थ शक्तिपीठ खल्लारी माता पहाड़ी पर विराजित खल्लारी माता के दर्शन के लिए अब भक्तों को सीढ़ियों की चढ़ाई नही करनी होगी।

श्रध्दालुओं के लिए यह काफी राहत देने वाली खबर है कि अब रोप-वे (उड़न खटोला) की सुविधा की शुरुआत सोमवार से ही कर दी गई। बता दें कि खल्लारी माता दर्शन के लिए चैत्र नवरात्र प्रारंभ होते ही भीड़ उमड़ेगी और श्रध्दालुओं को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा। उन्हें अब हजार से ऊपर सीढ़ियां चढ़नी नहीं पड़ेगी और उड़न खटोले रोपवे के माध्यम से वे माता के दर्शन आसानी से कर पाएंगे।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के द्वारा खल्लारी माता मंदिर के इस रोपवे के लिए भगीरथ प्रयास किया गया था, जिसे सफलता मिली है अब वह आमजन सामान्य के लिए प्रारंभ हो चुका है।







### रोपवे का विधायक ने किया था भूमिपूजन

खल्लारी माता मंदिर ट्रस्ट ने इस रोपवे के निर्माण का कार्य रोपवे एंड रिजॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा था। जिसमें लगभग 8 करोड़ रुपए से अधिक की लागत लगी है। जिसका भूमिपूजन विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा किया गया था। साथ ही साथ बीच-बीच में विधायक यादव द्वारा उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया जा रहा था और शीघ्र ही जनता के लिए इसे प्रारंभ करने के लिए कहा जा रहा था, वह प्रयास आज सफल हो गया है। अब माता खल्लारी के भक्तजन बड़ी सुगमता के साथ माता के दर्शन कर पाएंगे।




# हिंदू नववर्ष पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सनातनी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष मनाते हैं। हिंदू नववर्ष उत्सव आयोजन समिति द्वारा वर्ष 2016 से जिला मुख्यालय में लगातार शोभायात्रा निकाली जा रही है। साथ ही पूरे शहरवासी इस धार्मिक आयोजन में स्वस्फूर्त यथाशक्ति तन-मन-धन से सहयोग करते हैं। इस कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दल सनातन धर्म के अनुसार हिंदू नववर्ष के लिए एक हो जाते हैं।




प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के जितेंद्र साहू,विक्रम ठाकुर, खिलावन बघेल, शैलेष गुप्ता, अग्रज शर्मा, रितेश गोलछा, मनीष साहू, अनुपम त्रिपाठी, धीरज सिन्हा, सुनील पाटिल ने बताया कि इस बार हिंदू नववर्ष 9 अप्रैल को आरम्भ हो रहा है। नववर्ष की शोभायात्रा 9 अप्रैल को संध्या 5 बजे मां शारदा मंदिर तुमगांव रोड से आरम्भ होगी। ▶▶|शेष पेज 12 पर

# कृषि भूमि की प्लाटिंग कर अवैध कॉलोनी निर्माण पर रोक लगाने की मांग

- कॉलोनी निर्माण से मोहल्लेवासियों की आवाजाही का रास्ता हो जाएगा बंद

**महासमुंद**। नगर के पिटियाझर में कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी निर्माण पर रोक लगाने वार्ड क्रमांक 12 के मोहल्लेवासियों ने कलेक्टर के नाम सोमवार को ज्ञापन सौंपा। मोहल्लेवासियों का कहना है कि कॉलोनी निर्माण किए जाने से उनके घर तक आने-जाने का रास्ता बंद हो जाएगा। साथ ही आपातकालीन वाहन एवं अन्य जरूरत के वक्त वाहन भी उनके घर तक पहुंच नहीं पाएगा। वार्ड नंबर 12 पिटियाझर निवासी भूपेंद्र राठौर, लेखराम बंजारे, रामेश्वर, विजय कुमार शर्मा, मोहन लाल राठौर, प्रभाकर गामाजी बंसोड़, अरविन्द प्रहरे, गोकुल यादव, संतोष यादव, भूपेन्द्र साहू, जय मांझी ने कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि निस्तारी, आवागमन एवं अन्य सुविधाओं के लिए पटवारी कार्यालय के पीछे स्थित भूमि खसरा नंबर 92/22 एवं 92/1 से होकर गुजरते है, जो वर्तमान में खुला हुआ है। लोकसभा चुनाव के लिए लगी आचार संहिता का गैर कानूनी फायदा उठाते विगत चार-पांच दिनों से वहां पर धरम सिंह पिता मूलचंद चंद्राकर एवं योगेंद्र पिता धरम सिंह चंद्राकर द्वारा दो एकड़ भूमि पर प्लांटिंग कर अवैध कॉलोनी निर्माण शुरू किया गया है। अवैध प्लाटिंग के चलते हमारे निवास तक आने जाने का मुख्य मार्ग बंद हो जाएगा, जिससे हम अपने निवास तक चार पहिया वाहन लाने में असमर्थ हो जा रहे हैं।

# कत्लखाना ले जाए जा रहे 7 मवेशी बरामद

**महासमुंद**। पिकअप के माध्यम से कत्लखाना ले जाए जा रहे 7 मवेशियों को पुलिस ने बरामद किया है। मामले में दुर्गेश यादव पिता महादेव यादव की रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा जाने के रास्ते पर छिलपावन में पिकअप ओडी 08 एफ 1103 के जरिए 7 गौवंश को कत्लखाना ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी परमा भोई पिता उग्रसेन (39) बरगांव, थाना बोड़ेल, जिला नुवापाड़ा ओडिशा व एक अन्य पर धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया गया है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### विधायक आज करेंगे ध्वज वितरण

**महासमुंद।** हिंदू नववर्ष के अवसर पर आज शहर के बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय से ध्वज वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने बताया कि घरों और अपने प्रतिष्ठानों में भगवा ध्वज लगाए जाने के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 10 बजे इसकी शुरुआत होगी साथ ही इस अवसर पर ब्राह्मणों को हिंदू पंचांग भी वितरित किया जाएगा।

### भोरिंग में हिंदू नववर्ष कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081, 09 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को हिंदू नववर्ष मनाया जाएगा। आयोजन समिति के सभी लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### फिंगेश्वर चौक में देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने फिंगेश्वर चौक से आरोपी नीरज तंबोली पिता गोपा (29) निवासी वार्ड 10 खैराभांठा के कब्जे से 5760 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 3200 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 32 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### शराब के तीन मामले, आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत शराब की अवैध बिक्री के तीन मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। पहले मामले में ग्राम परसकोल के गोवर्धन बुडेक पिता लेकरू (35) के कब्जे से पुलिस ने 30000 एमएल महुआ शराब कीमत 6000 रुपए जब्त किया है। वहीं ग्राम जीराडबरी की पूजा कुमार पति स्व. नरेश (42) के पास से 2000 एमएल महुआ शराब कीमत 400 रुपए और ग्राम गढ़फुलझर में आरोपी भुनेश्वर मिरी पिता मेमसिंग (22) गढ़फुलझर के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया है। इन मामलों में धारा 34 (2), 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** जिले की पिथौरा पुलिस ने ग्राम सरगतोरा में शराब की अवैध बिक्री कर रहे आरोपी पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी ज्ञानासिंह बरिहा पिता फिरतु (30) सरगतोरा के पास से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी पर धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## पेज 09 के शेष

### हिंदू नववर्ष...

जो ओवरब्रिज से बग्गा चौक, स्वामी चौक, नेहरू चौक होते हुए कचहरी चौक, बरोंडा चौक से माँ दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर में समापन होगा। शोभायात्रा में आने वाले सभी सनातनी भाइयों से समिति के सदस्यों ने आव्हान किया है कि नववर्ष के दिन भारतीय परिधान धोती-कुर्ता या कुर्ता-पायजामा ही पहनें। बहनों -माताओं से निवेदन किया गया है कि शोभायात्रा में भगवा या पीला साड़ी या सूट पहनकर शोभायात्रा में सम्मिलित हों। इसके साथ ही हिंदू नववर्ष उत्सव आयोजन समिति द्वारा सभी नगरवासियों से अपील भी की गई है कि सभी इस दिन अपने घरों में भगवा ध्वज लगाकर आंगन में रंगोली बनाकर और संध्या बेला में दीप अवश्य जलाकर नववर्ष मनाएं।

### उड़ते हुए हनुमानजी होंगे मुख्य आकर्षण के केंद्र

शोभायात्रा में इस बार मुख्य आकर्षण बनारस से आ रहे कलाकारों द्वारा अघोरीयों की वेशभूषा में प्रस्तुति और महाकाल की बारात होगी। भिलाई के इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा निर्मित ड्रोन द्वारा उड़ते हुए 'हनुमान जी' का श्रद्धालु दर्शन कर पाएंगे। इसके साथ ही ध्वज वाहक, राउत नाचा, भारत माता का छायाचित्र,अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर का प्रतिरूप, जय सोनई रुपई बालक झांकी, राम जी की मूर्ति, भजन मंडली, कोसरंगी गुरुकुल के विद्यार्थियों का मलखंभ पर शौर्य प्रदर्शन के साथ भव्यता लिए शोभायात्रा निकलेगी।


# गरज-चमक के साथ बरसे बादल, सब्जी की फसल को नुकसान तो धान के लिए वरदान

## बूंदाबांदी के साथ दिन भर चली ठंडी हवाएं, दो दिन हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल चुका है। रात से ही जिले के अलग-अलग क्षेत्रों पर बदली छाई हुई है और तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश भी हुई। भीषण गर्मी के बीच अचानक बदले मौसम से आम लोगों को आज थोड़ी राहत मिली है, तो बारिश से सब्जियों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। बदली, बारिश से सब्जियों में कीट व्याधि बढ़ जाएगी। वहीं, मौसम विभाग कई हिस्सों में अगले दो दिनों तक अंधड़ के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

रविवार की सुबह मौसम के अचानक करवट लेने के बाद हल्की बूंदाबांदी के साथ ही हवाएं चली, जो सोमवार की सुबह होते ही बारिश में बदल गई। अलसुबह करीब तीन घंटे तक गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होती रहीं। लेकिन, दिन भर ठंडी हवाएं चलती रहीं। यहां दोपहर बाद कुछ देर धूप भी खिली रही।




मौसम बदलने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को जिले में करीब 33 अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान करीब 21 डिग्री तक दर्ज किया गया है। ऐसे में तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि एक दो जगहों पर गरज-चमक के साथ बिजली गिरने एवं अंधड़ के साथ ओलावृष्टि की आशंका बनी हुई है।

### तापमान सामान्य से 7 डिग्री तक कम

प्रदेश में रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस तक अधिक था। मौसम बदलते ही अधिकतम तापमान में तेजी से गिरावट आई। सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस तक कम हो गया। अनुमान है कि अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 4 डिग्री तक की गिरावट आएगी। जिले में मौसम कुछ नम हुआ है। बादल, हल्की बारिश से तापमान में तेजी से गिरावट आई है। मंगलवार को भी जिले में कुछ स्थानों पर अंधड़, बारिश, ओलावृष्टि की संभावना बताई गई है।

### मध्यम या हल्की बारिश की संभावना

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि ओडिशा से कोमोरीन क्षेत्र तक छत्तीसगढ़ होते हुए एक द्रोणिका के विस्तार के कारण मध्य छत्तीसगढ़ में सोमवार को बदली-बारिश का मौसम बना रहा। इसके साथ ही तेज हवा चली और अनेक स्थानों पर सुबह से रात तक कई बार बूंदाबांदी हुई। एक दो जगहों पर गरज-चमक के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आगामी 24 घंटे में कई जगहों पर मध्यम या हल्की बारिश होगी और कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती है।

# डॉ. हक सऊदी अरब के मानद व्यापार आयुक्त बने




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

डॉ. एसएम हक को भारत जीसीसी व्यापार परिषद और एशियाई अरब चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सऊदी अरब के मानद व्यापार आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री हक धमतरी शहर के निवासी हैं जो अभी रायपुर में शिफ्ट हुए है।

उल्लेखनीय है कि भारत जीसीसी व्यापार आयोग आयुक्त की बैठक में सऊदी अरब, कतर, कुवैत और बहरीन जैसे जीसीसी देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ 40 देशों के स्थानीय मंत्रियों, अमीराती परिवारों और टीसीसी ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य आर्थिक संबंधों को मजबूत करना, आपसी समझ को बढ़ाना और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशना था।

जीसीसी काउंसिल में भारत के व्यापार आयुक्त डॉ. एस.एम. हक द्वारा विश्व संरक्षक के रूप में भारत की भूमिका और शांति, नेतृत्व और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने में इसकी गहन जिम्मेदारी की सराहना की। उन्होंने सऊदी अरब के साथ जुड़ने की भारत की इच्छा पर जोर दिया और भारत टीसीसी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा की गई शांति-निर्माण पहल पर प्रकाश डाला।

## शाला त्यागी और घुमंतू बच्चों के लिए बनाई गई विशेष कार्ययोजना

# बढ़ रही स्कूल से गायब रहने वाले बच्चों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लाख कोशिश के बाद भी हर साल कई बच्चे स्कूल से गायब हो जाते हैं। पिछले साल ऐसे 197 बच्चे मिले थे। इस साल इनकी संख्या बढ़कर 230 हो गई है। इन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। चारों ब्लाक में इन बच्चों के लिए स्पेशल कक्षाएं लगाई जाएंगी।

शहर तथा आसपास के गांवों में कई झुग्गी-झोपड़ियां है, जहां के अधिकांश बच्चों की रूचि पढ़ने-लिखने में नहीं है। शासन हर साल इन स्थानों पर ऐसे बच्चों का सर्वे कराता है। स्कूल नहीं जाने वालों का चिन्हांकन कर उनके लिए विशेष योजना बनाई जाती है। यह पूरा काम राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत होता है। यह योजना सालों से चल रही है। इसके बाद भी ऐसे बच्चों की संख्या में कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। कुछ मुहल्ले और गांव ऐसे हैं, जहां पर मां-बाप ही अपने बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहते हैं। अधिकारी-कर्मचारी दबाव डालकर या लालच देकर इन बच्चों को स्कूल तक तो ले आते हैं, लेकिन बाद में ये बच्चे फिर से कबाड़ बीनने या भिक्षावृत्ति में लग जाते हैं। इस साल भी इन बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों से पहले उनके पालकों को समझाया जाएगा।



### 17 बच्चे घुमंतू मिले

महिला बाल विकास विभाग की टीम ने झुग्गी झोपड़ियों में सर्वे किया। इस सर्वे में 17 घुमंतू बच्चे मिले थे। इनमें से अधिकांश बच्चों का दाखिला स्कूलों में किया गया है। बाकी बच्चों को बालगृह सहित अन्य स्थानों पर रखा गया है। विभाग द्वारा सतत इन बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है।

### सर्वे में 230 बच्चे मिले

पिछले शिक्षण सत्र में 197 बच्चे चिन्हांकित किए गए थे, जो स्कूल न जाकर घूमते रहते थे। इनमें से 73 बच्चों का लर्निंग लेवल अच्छा था। थोड़ा सा प्रयास के बाद शिक्षकों ने इन बच्चों को स्कूल की कक्षाओं में ले लिया। बाकी बचे 124 बच्चों के लिए गैर आवासीय स्कूल चलाकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया। इस साल भी ऐसे 6 से 14 वर्ष के बच्चों का सर्वे किया गया। सर्वे में 230 बच्चे मिले, जिनका दाखिला स्कूल में हैं लेकिन वे स्कूल नहीं जाते।

### लगेंगी स्पेशल कक्षाएं

शिक्षण सत्र 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना में इन बच्चों के लिए प्लानिंग की गई है। जिसके अनुसार चारों ब्लाक में गैर आवासीय प्रशिक्षण चलाया जाएगा। विशेष अनुदेशकों द्वारा इन बच्चों को पढ़ाया जाएगा। गैर आवासीय प्रशिक्षण 6 माह चलेगा। इसके बाद इन बच्चों के लर्निंग लेवल की जांच की जाएगी। लर्निंग लेवल के हिसाब से उन्हें कक्षाओं में बिठाया जाएगा। परीक्षा भी होगी।

### कौन हैं विशेष अनुदेशक

राज्य सरकार का हुमाना संस्था से टाइअप है। यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। हुमाना द्वारा प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर तैयार किया जाता है। ये मास्टर ट्रेनर बच्चों को कम समय में कैसे ज्यादा से ज्यादा पढ़ाएं, इसकी ट्रेनिंग देते हैं। मास्टर ट्रेनरों द्वारा गांव या शहर के पढ़े लिखे बरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग दी जाती है। इन युवाओं को ही विशेष अनुदेशक का दर्जा देकर गैर आवासीय विद्यालयों में नियुक्त किया जाएगा।

# किसानों पर भारी पड़ रहा मौसम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आंधी-बारिश से एक बार फिर धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर फसल चटाई की तरह जमीन पर बिछ गई है। बालियां झड़ गई हैं। कीट प्रकोप बढ़ने का खतरा बना हुआ है।

इस साल मौसम किसानों पर भारी पड़ रहा है। करीब 15 दिन पहले हुए ओलावृष्टि, आंधी और बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ था। कुछ स्थानों पर सर्वे कर आरबीसी 6/4 के तहत क्षतिपूर्ति देने की प्रक्रिया चल रही है। अभी किसानों को क्षतिपूर्ति मिली नहीं है और फिर से मौसम कहर ढा रहा है। रविवार से मौसम खराब चल रहा है। सोमवार की रात को बारिश शुरू हो गई थी, जो सुबह तक जारी रही। भू- अभिलेख प्रकोष्ठ से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 13.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक बारिश कुकरेल में 25 मिमी हुई। धमतरी में 21.9 मिमी, कुरूद में 19 मिमी, भखारा में 13 मिमी बारिश दर्ज की गई है। नगरी और बेलरगांव में बारिश नहीं हुई है। बेमौसम बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर फसल चटाई की तरह बिछ गई है।

# देशी शराब दुकान से बठेना वार्ड का माहौल हुआ खराब



■ मदिरालय हटाने की मांग, वार्डवासियों ने आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बठेना वार्ड स्थित देशी शराब दुकान को हटाने की मांग कलेक्टर से की गई है। सोमवार को वार्ड पार्षद श्यामलाल ध्रुव के नेतृत्व में वार्डवासियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 4 साल से बठेना वार्ड स्थित रेलवे नहर के पास देशी मदिरा दुकान संचालित हो रही है। शराब दुकान के आसपास 50 से अधिक संभ्रांत परिवार के लोग निवासरत हैं। शराब दुकान के पास लड़ाई, झगड़ा, गाली-गलौज से माहौल खराब रहता है। लोग शराब पीकर डिस्पोजल, पानी पाउच कहीं भी फेंक देते हैं। नहर में भी गंदगी फैली हुई है। ज्ञापन में कहा गया है कि शराब दुकान को शीघ्र बंद नहीं कराया गया तो वार्डवासी शासन के खिलाफ आंदोलित होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजीव चन्द्राकर, चमेली सेन, राजेन्द्र साहू, प्रतिमा चन्द्राकर आदि मौजूद थे।

# निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकों से पढ़ाई पर रोक

■ अवहेलना पर संस्था प्रमुख तथा शाला प्रबंधन समिति होंगे जिम्मेदार

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

निजी स्कूलों में किताबों से कमीशन का खेल शीर्षक वाले समाचार पर प्रशासन ने एक्शन लिया है। उल्लखेनीय है कि 5 अप्रैल को एनसीईआरटी बुक की जगह प्राइवेट पब्लिकेशन की बुक खरीदने का दबाव बनाने की शिकायत निजी स्कूल के पालकों ने की थी जिसकी खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस मामले पर जिला प्रशासन ने एक्शन लिया है। सोमवार को टीएल बैठक के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा अनुसंशित एनसीईआरटी की पुस्तकों का ही कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्यापन कराने तथा अन्य प्राइवेट प्रकाशकों की पुस्तकों एवं कापी क्रय करने के लिए किसी को बाध्य नहीं करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि नियमों की अवहेलना करने वाले विद्यालयों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संस्था प्रमुख तथा शाला प्रबंधन समिति जिम्मेदार होंगे।


एनसीईआरटी बुक की जगह प्राइवेट पब्लिकेशन की बुक खरीदने का दबाव

निजी स्कूलों में किताबों से कमीशन का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की बुक की जगह प्राइवेट पब्लिकेशन की बुक के लिए पालकों पर अनावश्यक दबाव की शिकायत कलेक्टर से की गई है। गुरूवार को कलेक्टोरेट पहुंचे अभिभावक प्रदीप सिन्हा, पवन परिहा, प्रखर श्रीवास्तव, एम. ठाकुर, दीप्ति चतुर्वेदी ने कलेक्टर के नाम सौंपे शिकायत पत्र में कहा है कि उनके बच्चे मेनोनाइट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी की अलग-अलग कक्षाओं में अध्ययनरत हैं। इस स्कूल में पिछले सत्र से प्राइवेट पब्लिकेशन की बुक से पढ़ाई कराई जा रही है जिसका उन्होंने विरोध किया था। उस समय संस्था के प्राचार्य ने आने वाले सत्र में एनसीईआरटी की बुक से पढ़ाई करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन इस सत्र में फिर से प्राइवेट पब्लिकेशन की बुक से पढ़ाई कराई जा रही है। अभिभावकों ने बताया कि प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकें एनसीईआरटी की पुस्तकों से 6 से 7 गुना महंगी है। उनका कांटेन भी कहीं उपलब्ध नहीं होने से पालकगण बच्चों को घर पर नहीं पढ़ा पा रहे हैं इसलिए बच्चों को बाहर ट्यूशन के लिए भेजना पड़ रहा है। पुस्तकों के अलावा ट्यूशन खर्च के कारण आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पालकों ने कलेक्टर से मांग की है कि प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकों की जगह एनसीईआरटी की बुक से पढ़ाई कराई जाए।

स्कूल प्रबंधक के खिलाफ पालकों ने कलेक्टर से की शिकायत

एनसीईआरटीकी पुस्तक बाजार में उपलब्ध नहीं : खालसा

मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल की प्राचार्य एचके खालसा ने बताया कि इस सत्र में कक्षा तीसरी, कक्षा छठवीं के सिलेबस में एनसीईआरटी बदलाव कर रही है। बाजार में यह बुक उपलब्ध नहीं है। अप्रैल माह की पढ़ाई के लिए आवश्यक बुक ग्रामर आदि को खरीदने को कहा गया है। इसके अलावा अन्य कक्षाओं के बच्चों को पुरानी किताबों से पढ़ाई करा रहे हैं। 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं की पढ़ाई सिर्फ एनसीईआरटी की किताबों से की जाती है।

पुरानी किताबें नहीं आ रहीं काम

निजी स्कूलों में निजी प्रकाशकों की किताबें चलाने से अभिभावकों को हर साल महंगी किताबें लेनी पड़ती हैं। साथ ही स्कूल वाले हर साल एक या दो पुस्तकें बदल देते हैं। पुरानी किताबों से भाई बहन भी नहीं पढ़ पाते हैं। मजबूरन हर साल नई किताबें खरीदनी पड़ती हैं। हर साल पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी के अलावा निजी पब्लिकेशन की पुस्तकें शामिल कर रहे हैं। इससे बस्ते का बोझ भी बढ़ रहा है। आगे कहा कि जहां एनसीईआरटी की पांचवीं कक्षा की किताबें 550 में मिल जाती हैं वहीं निजी पब्लिकेशन की काफी किताबों का सेट 5500 रुपये में मिल रहा है।

कमीशन से मिलती है बड़ी रकम


बुक डिपो के संचालक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबों की खरीदी पर निजी प्रकाशक स्कूल को कमीशन का एक दो प्रतिशत देते हैं जो बड़ी रकम बन जाती है। निजी प्रकाशकों की किताबों की कीमत एनसीईआरटी की किताबों की तुलना में बहुत अधिक होती है। एनसीईआरटी की किताबों की कीमत 50 से 100 रुपये होती है। जबकि निजी प्रकाशकों की किताबों की कीमत 200 से ऊपर होती है।

गुजरा के पास हुआ हादसा

# क्रूजर को ट्रक ने ठोकर मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

क्रूजर वाहन को मरम्मत के लिए टोचन कर लाया जा रहा था तभी सामने से आ रहे ट्रक ने क्रूजर को ठोकर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार क्रूजर वाहन में खराबी आ जाने के कारण उसकी मरम्मत के लिए सोमवार की सुबह चालक द्वारा कार की मदद से टोचन कर लाया जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने कार के पीछे टोचन में लगे क्रूजर वाहन को टक्कर मार दी। इससे क्रूजर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई। वहीं सड़क हादसे की





दूसरी घटना बाईपास मुजगहन के पास हुई। सोमवार की सुबह छोटा हाथी पिकअप बाईपास मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान गति अधिक होने के कारण पिकअप अनियंत्रित होकर बाईपास किनारे लगे माइल स्टोन को तोड़ते हुए खेत में पलट गई। इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

# तापमान में 10 डिग्री की गिरावट अंधड़-बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश से रायल सीमा होते हुए दक्षिण तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 0.9 किमी पर है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। वहीं प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री पर आ गया। ज्ञात हो कि शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार हो गया था। बताया जा रहा है कि प्रदेश में अगले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## दस दिन बाद होने वाली थी युवक की शादी

# गंगरेल बांध के अंतिम छोर में पानी में मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शादी के दस दिन पहले युवक की लाश गंगरेल बांध के अंतिम छोर में फुटहामुड़ा के पास पानी में तैरती पाई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह मछुआरों ने ग्राम फुटहामुड़ा के पास गंगरेल बांध के किनारे पानी में एक युवक का शव तैरते देखा। घटना की सूचना केरेगांव थाना को दी गई। पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंच शव को पानी से बाहर निकलवाकर शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। किनारे में पैंट, शर्ट व एक गमछा रखा मिला, जिसमें से पर्स व चाबी मिली। वहीं पर एक बाइक खड़ी थी। मृतक की शिनाख्ति के प्रयास में जुटी पुलिस ने बाइक नंबर को ट्रेस किया, जिसके आधार पर मृतक की पहचान ग्राम सियादेही-कुकरेल निवासी के रूप में हुआ। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। परिजनों के पहुंचने पर शव की शिनाख्ति कराई गई। युवक की पहचान विकेश कुमार उइके पिता प्रीतराम ग्राम सियादेही थाना केरेगांव निवासी के रूप में की गई। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पंचनामा पश्चात शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक विकेश की 10 दिन बाद शादी होने वाली थी। 17 अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होना था। 18 अप्रैल को बारात व 19 अप्रैल को आशीर्वाद समारोह था। युवक शनिवार को बाइक से घर से निकला था, जो वापस घर नहीं पहुंचा। प्रथम दृष्टया युवक की मौत पानी में डूबने से होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।



# बारना में हर्षोल्लास से मनी कर्मा जयंती



**धमतरी।** ग्राम बारना के साहू समाज भवन में मां कर्मा की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। मां कर्मा के पूजन के बाद सामाजिक बालिकाओं व महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सामाजिकजनों ने नाचते-गाते मां कर्मा दानवीर भामाशाह व राजिम भक्तिन के जयकारे लगाते हुए गांव का भ्रमण किया। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम हुआ। सामुदायिक भवन बोर खनन दानदाता सोहनलाल साहू व सामाजिक भवन शेड लाइट व्यवस्था करने वाले पंच हिरामन प्रजापति का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया। शेड में पंखा देने वाले व किचन शेड निर्माण में सहयोग करने वाले दानदाताओं का भी सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### मतदान तिथि के दिन संवैतनिक अवकाश घोषित

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार मतदान के दिन संबंधितों को संवैतनिक अवकाश प्रदान किए जाने श्रम विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड एवं तेलंगाना राज्य के लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दिवस के दिन पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित/कार्यरत प्रत्येक कामगार को लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 ख के तहत मतदान तिथि के लिए संवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में सर्व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सर्व विभाग प्रमुखों को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।



### विजय संकल्प अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में प्रमोद ने किया जनसंपर्क

**सरायपाली।** लोकसभा चुनाव प्रचार-प्रसार अभियान और बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत चाय पर चर्चा का कार्यक्रम हुआ। सरायपाली विधानसभा भाजपा मंडल केदुवां के शक्ति केंद्र डुडुमचुवां अंतर्गत ग्राम मोहनमुंडा में बैठक हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष संजय डडसेना एवं सरायपाली मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता जयलाल पटेल, जनपद सदस्य कुसुम सिदार, निलाम्बर दीवान, गजानंद पटेल, पुस्तम राणा, बसंत पटेल, बुधसिंह चौहान, सम्पत पटेल, मीडिया प्रभारी सुरोतीलाल मौजूद रहे।

## जागरुकता: 100% मतदान के लिए बनाई मानव श्रृंखला

# लोकतंत्र पर आधारित रंगोली बना स्वयं सेवकों ने दिया मतदान के लिए संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय सभागार में भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल (मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़) डॉ अशोक कुमार श्रोती रासेयो क्षेत्रीय निदेशक भोपाल एवं डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शहीद दिवस श्रृंखला में स्वच्छता एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रभात मलिक कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी, एस आलोक सीईओ जिला पंचायत व स्वीप जिला नोडल अधिकारी, डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता मतदाता




जागरूकता विषय पर आयोजित किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा भारत के लोकतंत्र, शतप्रतिशत मतदान, आदर्श मतदान केंद्र, मतदान मेरा अधिकार एवं विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम सोहद्रा साहू इंडियन कॉलेज, द्वितीय अनिका साहू श्याम बालाजी कॉलेज, तृतीय तृप्ति यादव शांत्रीबाई महाविद्यालय रहे। कार्यक्रम में 24 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी उपस्थित अधिकारी व स्वयंसेवकों द्वारा 100 प्रतिशत वोट का मानव श्रृंखला बनाया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी शासकीय पीजी कॉलेज, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी शासकीय पीजी कॉलेज, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी कॉलेज, चुम्मन लाल निषाद इंडियन कॉलेज, गायत्री चंद्राकर शांत्रीबाई कॉलेज, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, दल नायक गोपी सिन्हा, कैंपस एंबेसेडर प्रियांशु तिवारी, सोनिया साहू, प्रवीण साहू, निशा पटेल सहित अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मूल छत्तीसगढ़िया गांड़ा समाज के महिला सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित अंबेडकर भवन में मूल छत्तीसगढ़िया गांड़ा समाज का महिला सम्मान कार्यक्रम सरायपाली विधायक चातुरी नंद के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम में नगर निगम रायपुर की पार्षद शीतल कुलदीप, भाजपा नेत्री किरण बघेल, कौशल्या देवदास, रेखा चौहान, चित्ररेखा देवदास, रेखा देवदास, ईश्वरी नायिक, पुष्पलता शेरुआ, संतोषी अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। हमारे समाज की महिलाएं भी आज एकजुट होकर कार्य कर रही है



और आत्मनिर्भर बनकर समाज का नाम ऊंचा कर रही है। उन्होंने महिलाओं को समाज के विकास में योगदान देकर भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में मूल छत्तीसगढ़िया गांडा समाज के लक्ष्मी नाग, लक्ष्मी चौहान, सुमन चौहान, सरिता चौहान, वैदेही देवदास, गोदावरी करैत समेत बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित थे।

### कांग्रेसी अपनी हार के डर से मानसिक संतुलन खो चुकेः प्रमोद



**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी मंडल के महामंत्री प्रमोद सागर ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर फोड़ने के बयान का प्रतीकात्मक विरोध करना भी कांग्रेसियों को रास नहीं आ रहा है। पीएम मोदी पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा की गई टिप्पणी वाला भड़काने की कोशिश को संज्ञान में लेते हुए उन चुनाव आयोग के निर्देश पर एफआईआर दर्ज हुई है। लेकिन, अपनी हार से बौखलाए कांग्रेसी नेता चरणदास महंत के पक्ष में खड़े होकर पीएम मोदी के सिर फोड़ने के बयान का अप्रत्यक्ष तरीके से समर्थन कर रहे हैं। चुनाव आयोग में गृहमंत्री विजय शर्मा के खिलाफ शिकायत करना कांग्रेस की दूषित मानसिकता को दर्शाता है। इससे साबित होता है कि कांग्रेस के नेता इस शांतिपूर्ण तरीके से होने वाले लोकसभा चुनाव में बयान से लोगों को भड़काकर अशांति पैदा करना चाह रही है। जिसका जवाब जनता आने वाले 26 अप्रैल को जरूर देगी और छत्तीसगढ़ से कांग्रेस को उखाड़ फेंकने के लिए कार्यकर्ता कमर कस लिए हैं।



### सेजेस पटेवा में कराया गया न्योता भोज

**पटेवा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पटेवा में क्लास 2 की छात्रा लिसिका साहू के जन्मदिन 8 अप्रैल को पालक एवं व्यापारी संघ के सदस्य तथा संवाददाता देवराज साहू ने स्कूल में कक्षा 01 से कक्षा 11वीं के अंग्रेजी माध्यम के 285 बच्चों तथा स्टाफ के शिक्षक, कर्मचारियों एवं नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पालक समिति के सदस्यों को न्योता भोज दिया। भोज में खीर, पूरी, जलेबी, केला, दाल, चावल, सब्जी, कढ़ी दी गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि झनक लाल सिन्हा, सुनील पटेल (अध्यक्ष व्यापारी संघ पटेवा), रूपेंद्र त्रिपाठी, मनोहर साहू, नारायण साहू, सुनील शुक्ला, संतोष शर्मा, शिव साहू (अध्यक्ष पालक समिति सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल), शंभू यादव, संजय पाटकर, कौशल पटेल, विकास अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, ज्ञानेश अग्रवाल, चूडामणि साहू, तिजउ राम यादव मुख्य रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी माध्यम की शिक्षिका नीलम दुबे ने की। अंत में प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# खम्हारमुड़ा में कर्मा जयंती पर निकाली गई कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

साहू समाज ग्राम खम्हारमुडा में भक्त माता कर्मा की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रविवार को सुबह 11 बजे एक लघु सभा का आयोजन समाज प्रमुख मनोहर साहू, उत्तम साहू, बरातु साहू के नेतृत्व में भक्त माता कर्मा की तैल चित्र की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। उत्तम साहू ने माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता कर्मा बाल्यकाल से ही कृष्ण भगवान को खिचड़ी का भोग लगाते थे, जिसे भगवान स्वयं ग्रहण करते थे, जिसका प्रमाण आज पूरी की जगन्नाथ मंदिर में कर्मा माता भोग खिचड़ी के रूप में लगाई जा रही है। लघु सभा के बाद ग्राम की पांच महिला प्रमुख कुंती साहू, वीणा साहू, रेखा साहू, द्रुपद साहू, लता साहू, केशर साहू,



पद्मिनी साहू के साथ 51 नारी शक्ति द्वारा पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें लगभग 500 महिला व पुरुष सम्मिलित हुए।

शाम 4 बजे रामायण मंडली बाल सखा मानस परिवार बिहाझर बागबाहरा, भोथा मानस परिवार कसेकेरा बागबाहरा का आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम प्रमुख कुबेर गिरी, रोमांतक गिरी, दिनेश्वर गिरी के आतिथ्य में नन्हे-मुन्ने बच्चे जो छठवीं, सातवीं, आठवीं द्वारा वाद्य यंत्र सहित मानस गान व टीका किया गया, जो सराहनीय रहा। रात्रि 9 बजे सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। सुआ नृत्य पार्टी शेर महासमुंद द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिसे लोगों ने काफी सराहा। बाद आम भंडारा का आयोजन किया गया। साहू समाज खम्हारमुड़ा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का शाल, श्रीफल व भेंट प्रदाय कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में में कुबेर प्रकाश गिरी, रोमांतक गिरी, दिनेश्वर गिरी, उत्तम साहू, हीरालाल साहू, मनोहर साहू, बरातु साहू, मनोज साहू, लेखराम साहू, तेजराम साहू, हेमलाल साहू, पुनीत राम साहू, इंद्रमण साहू, जितेंद्र गिरी, नारेंद्र साहू, जिरउ साहू, हेमलू साहू, परमेश्वर साहू, अवध साहू, अशोक साहू, घनश्याम साहू आदि मौजूद रहे।

# डडसेना कलार समाज सिरपुर परिक्षेत्र का हुआ चुनाव



**महासमुंद।** ग्राम खैरझिटी (तुमगांव) में 7 अप्रैल को छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज सिरपुर परिक्षेत्र का चुनाव हुआ। जिसमें सिरपुर मंडलेश्वर जगत सिन्हा, सचिव-केवल सिन्हा, कोषाध्यक्ष चुड़ामनी डड़सेना निर्वाचित हुए। इस दौरान प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज के राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बसंत सिन्हा, संरक्षक सिरपुर परिक्षेत्र जगन्नाथ डड़सेना, सिरपुर परिक्षेत्र संरक्षक दीपक सिन्हा, पूर्व मंडलेश्वर सिरपुर राधेलाल सिन्हा, मंडलेश्वर खल्लारी दानेश्वर सिन्हा, युवा मंच के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश डड़सेना, पूर्व सचिव रमेश डड़सेना, परिक्षेत्र अधिकारी मोती राम सिन्हा, परिक्षेत्र अधिकारी सिरपुर एवं जनपद पंचायत सभापति हेमंत डड़सेना, परिक्षेत्र अधिकारी सिरपुर नंदलाल सिन्हा, ठाकुर राम डड़सेना, होरी लाल सिन्हा, धनेश सिन्हा, जनक डड़सेना, पवन डड़सेना, रूद्र डड़सेना, विमल डड़सेना एवं निर्वाचन अधिकारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुजन उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को दी गई साइबर अपराध से जुड़ी जानकारी

**महासमुंद।** जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद एवं हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में सायबर क्राइम से सम्बन्धित अपराध, ऑनलाईन ठगी से बचने के लिए जानकारी व जागरूकता के सम्बन्ध में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों एवं योजनाओं के सम्बन्ध में



विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। वहीं हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर के विधि छात्र आयुष देवांगन, श्रेया सुरेश एवं अंश पाराशर द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा तथा शार्ट मूवी को दिखाकर वर्तमान में की जा रही ऑन लाईन ठगी, सायबर अपराधों से बचने के उपाय तथा इस सम्बन्ध में उपलब्ध विधिक उपायों के बारे में जानकारी दी गयी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में मोबाइल पर लिंक या एसएमएस भेजकर अनेक प्रकार के प्रलोभन देकर ऑन लाइन/सायबर ठगी की घटनाएं लगातार सुनने में आ रही है। जागरूकता कार्यक्रम से न सिर्फ लोगों को जानकारी प्राप्त होगी, बल्कि सायबर ठगी की बढ़ती हुई घटनाओं के रोकथाम में उपरोक्त कार्यक्रम सार्थक एवं सहायक साबित होगा।



### रूढ़ा में सरपंच हेमलता व छुईपाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हुए भाजपा में शामिल

**सरायपाली।** शक्ति केंद्र बटकी के ग्राम रूढ़ा में भाजपा से प्रभावित होकर वर्तमान सरपंच सहित हेमलता निषाद व छुईपाली ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष संतोषी पटेल ने भाजपा प्रवेश किया। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान रूढ़ा पहुंचे भाजपा जिला महामंत्री महिला मोर्चा पुष्पलता चौहान ने दोनों बहनों व उनके समर्थकों को भाजपा का गमछा पहनकर उनका स्वागत किया। साथ में भाजपा के कामता प्रसाद पटेल, महेश पटेल, खिरोद पटेल, रेशम लाल पटेल, सुभाष सिदार, हेमसागर पटेल, रघुवीर साहू, सीता सतपति, जगदीश साहू, जसवंती पटेल, संतोषी भोई आदि उपस्थित थे।



### अखंड रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम सिरगिड़ी में आयोजित त्रिदिवसीय अखंड रामायण कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने भगवान राम और माता जानकी की पूजा-अर्चना की और कहा कि कहा कि प्रभु श्रीराम ने सृष्टि के समक्ष ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिस कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया। उन्होंने मर्यादा, करुणा, दया, सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलते हुए अयोध्या पर राज किया। उनमें दयालुता, सहनशीलता, धैर्य, आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई, आदर्श शासक इत्यादि तमाम ऐसे गुण विद्यमान थे, जिनके कारण उन्हें आदर्श पुरुष और मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उमेश साहू, हितेश साहू, हिमांशु साहू, लकेश्वर साहू, मोहन साहू, टिकेश साहू आदि मौजूद रहे।

### दिवंगत नारायण को शाला परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के आचार्य नारायण सिंह साहू का स्वर्गवास 08 अप्रैल सोमवार की सुबह हो गया। वे विद्यालय के कुशल अध्यापक, अत्यंत सरल स्वभाव, सेवाभावी सहयोगी एवं निष्ठावान व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए समिति के संरक्षक मोहन चोपड़ा, अध्यक्ष घनश्याम सोनी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र महोबिया, सचिव भूपेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़ सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, राजेश लूनिया, अशोक चौरड़िया, महेश चंद्राकर, संध्या शर्मा एवं समस्त सदस्यगण, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर एवं विद्यालय के समस्त दीदी/आचार्य द्वारा विद्यालय में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। यह जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख ललित कुमार सिन्हा ने दी है।



# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

## प्रकरणों के संबंध में जिला न्यायाधीश ने ली न्यायिक अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 11 मई 2024 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला न्यायालय के वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा महासमुंद जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली।




बैठक में जिला न्यायाधीश ने न्यायालयों द्वारा जो प्रकरण चिन्हांकित किए गए है जैसे एमएसीटी, सिविल प्रकरण, एनआई एक्ट, समरी प्रकरणों के आंकड़ों का अवलोकन भी किया गया। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए जिले के समस्त न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों की पक्षकारों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अधिकाधिक प्रकरणों को निराकृत करते हुए नेशनल लोक अदालत को सफल एवं लोगों के लिए सुलभ बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में तालुका सरायपाली, बसना, बागबाहरा एवं पिथौरा के न्यायिक अधिकारी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### तीन दिनों में 23 हजार की शराब जब्त

**महासमुंद।** जिला पुलिस ने बीते तीन दिनों में 23 हजार रुपए से ज्यादा का शराब जब्त किया है। पुलिस ने कुल 13 प्रकरणों में 97.92 लीटर शराब कीमत 23440 रूपये जब्त कर 13 आरोपियों के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि थाना बसना में 07 प्रकरणों में 07 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 49.16 लीटर शराब कीमत 10840 रुपए जब्त, थाना बागबाहरा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 10 लीटर शराब कीमत 2000 रुपए जब्त, थाना कोमाखान में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 14 लीटर शराब कीमत 2800 रुपए जब्त, थाना पटेवा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 10 लीटर शराब कीमत 3000 रुपए, थाना बलौदा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 04 लीटर शराब कीमत 800 रुपए जब्त, थाना महासमुंद में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 5.76 लीटर शराब कीमत 3200 रुपए जब्त, थाना पिथौरा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 04 लीटर शराब कीमत 800 रुपए कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### चोरी के आरोपी पकड़े गए, 14 मोबाइल बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने मोबाइल दुकान से चोरी के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 14 नग मोबाइल कीमत 1 लाख 71 हजार रुपए को बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि बीते साल 1 दिसंबर को प्रार्थी असीम अग्रवाल निवासी सरायपाली की संजना मोबाईल दुकान से अज्ञात चोरों के द्वारा विभिन्न कंपनियों की मोबाइल को चोरी कर ली गई थी। रिपोर्ट पर थाना सरायपाली में अपराध क्रमांक धारा 457, 380 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि 2 व्यक्ति चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में सरायपाली बस स्टैंड में घूम रहे हैं। यहां पहुंचकर पुलिस ने इन लोगों से पूछताछ की। जिस पर इन्होंने अपने नाम चूड़ामणी सिदार पिता दिगंबर सिदार (19) चिमरकेल थाना बसना जिला महासमुंद, धरम जगत पिता स्व. नीलांबर जगत (27) चिमरकेल थाना बसना जिला महासमुंद का होना बताया। ये दोनों 02 नग मोबाइल को बस स्टैंड में बेचने का प्रयास कर रहे थे। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि संजना मोबाइल दुकान सरायपाली में हुए चोरी की घटना को उन्होंने अंजाम दिया था एवं चोरी की मोबाइल को दोनों आरोपियों द्वारा 7-7 नग आपस में बांटकर अपने-अपने घर में छुपा कर रखे हैं। इसके बाद आरोपियों के घर में जाकर तलाशी लेने पर उक्त दोनों के घर से 6-6 नग मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 14 नग मोबाइल कीमती 1,71,000 रुपए को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में एएसआई श्रवण दास आरक्षक मोहन साहू, सरफुद्दीन अंसारी, रोशन सेठ और थाना सरायपाली की टीम का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप



### बेमचा खल्लारी मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन आज

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा स्थित मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव मनाया जाएगा। 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। नवरात्र के दौरान श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा समय दोपहर 2 बजे 6 बजे प्रतिदिन होगा। इसमें भगवताचार्य स्वर्णिम दीदी वृंदाधाम कृपालु महाराज शिष्य होंगे। वहीं शतचंडी यज्ञ 9 अप्रैल 16 अप्रैल किया जाएगा। समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक है। उक्त जानकारी मां खल्लारी मंदिर के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।



### मंगल पांडे को बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में देश के स्वतंत्रता संग्राम अमर शहीद मंगल पांडे को बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, बबली चंद्राकर, जया चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### परिवहन व्यवस्था के लिए अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार मतदान के दौरान मतदान केंद्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उसके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिला स्तर पर संगीता सिंह उप संचालक समाज कल्याण विभाग को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह मतदान के दौरान दृष्टिबाधिक दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए डमी ब्रेल बैलेट शीट के मुद्रण का कार्य के लिए संगीता सिंह उप संचालक समाज कल्याण को आदेशित किया गया है।

### निधन

#### अनिता खरे



**महासमुंद।** ग्राम बेलपारा निवासी अनिता खरे (65) का रविवार की रात निधन हो गया। अंतिम संस्कार सोमवार को गृहग्राम में किया गया। वे पूर्व भाजपा सांसद प्रतिनिधि स्व. अजय खरे की मां, राजिम शासकीय कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर श्वेता खरे की सास, मुनेश्वर, राजेश्वर, राजेंद्र व पत्रकार शशांक खरे की भाभी थीं।

---

**विडंबना:** नर्रा के कुछ वार्डों के घरों में नल कनेक्शन तक नहीं पहुंचा

# दो साल बाद भी जल जीवन मिशन का काम अधूरा, शो-पीस बना नल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा





जिले के बागबाहरा विखं के ग्राम पंचायत नर्रा में वर्ष 2022 जनवरी में जल जीवन मिशन के तहत जहां हर घरों में पानी पहुंचाना योजना का मुख्य उद्देश्य है। पानी टंकी निर्माण के लिए करोड़ों रुपए की लागत से टंकी निर्माण एवं पाइप लाइन विस्तार के लिए भूमिपूजन हुआ था।

ज्ञात हो कि ठेकेदार की मनमानी एवं पीएचई विभाग के लापरवाही के चलते दो साल बीत गए। लेकिन, कार्य अभी भी आधा अधूरा है। इस गांव में बने सीसी रोड को जेसीबी से खोदाई कर पाइप बिछाने के बाद मिट्टी डाल कर छोड़ दिया गया। लेकिन, अभी भी कुछ वार्डों में नल कनेक्शन ही घरों तक नही पहुंच पाया है। सिर्फ घरों में गिट्टी सीमेंट का चबूतरा बनाकर छोड़ दिया है। तोड़े गए सीसी रोड की मरम्मत अब तक ठेकेदार द्वारा नहीं की गई। बरसात के दिनों में लोगों को ज्यादा आने जाने में परेशानी होती है। वही गली के सीसी रोड जर्जर अवस्था में चली गई है और अभी भी सड़क उबड़खाबड़ गड्ढों की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। दो-तीन बुजुर्ग महिलाएं तथा मोटर साइकिल चालक भी गिरने से चोटिल व एक बुजुर्ग महिला के गिरने से हाथ पैर फ्रैक्चर भी हो गए है। पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सुध नहीं लेना समझ से परे है।

बता दें कि कोरोना काल के समय में इस क्षेत्र का यह पहला गांव है, जो करोड़ों की लागत से पानी टंकी व पाइप लाइन विस्तार के लिए सर्वप्रथम भूमिपूजन हुआ था। किंतु, दो साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य एवं पाइप लाइन नल-जल कनेक्शन अपूर्ण है।

ठेकेदार ने पानी टंकी को रंगरोगन कर छोड़ दिया है। जो शो पीस बनकर रह गया है। जबकि, इस क्षेत्र के कई गांवों में बहुत ही पीछे शुरू हुआ निर्माण कार्य और बन भी गए। कही कही पानी की सप्लाई भी शुरू हो गई है। ग्राम राटापाली, झलमला, बनियातोरा, कारागुला, सेनभांठा, पतेरापाली स , परकोम, परसुली, पंडरीपानी, बिंद्रावन, उखरा, लामी अमेरा, इत्यादि गांवों में निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

---

## शासकीय आईटीआई में स्वीप गतिविधियां लगातार जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिया जा रहा मतदाता जागरूकता का संदेश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सहित अन्य जगहों, संस्थानों आदि में निरंतर स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आईटीआई के छात्र-छात्राओं के मध्य नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद, नुक्कड़-नाटक, मानव श्रृंखला जैसे गतिविधियां आयोजित कर उन्हें मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, अपने घर-परिवार, गली-मोहल्ले, बसाहटों में मतदान की उपयोगिता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था महासमुंद में शत-प्रतिशत मतदान के लिए पांपलेट चस्पा किया गया। आईटीआई के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आगामी चुनाव में निश्चित रूप से वोट देने एवं अन्य मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

---

## शिविर में 29 मरीजों का निःशुल्क उपचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें 29 मरीज का उपचार कर निःशुल्क दवाई के साथ मनो सामाजिक परामर्श दिया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना बीएमओ डॉ नारायण साहू, ब्लॉक नोडल डॉ राजीव पटेल, बीपीएम ढोलचंद नायक, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे, मेघा ताम्रकार, टेकलाल नायक एमीई आदि मौजूद रहे।

### बालिकाओं के साथ सती ने मनाया जन्मदिन

**महासमुंद।** प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी छग सती साहू ने अपना जन्मदिन कस्तूरबा ट्रस्ट बेलसोंडा में सभी बच्चियों के साथ मनाया। वहां सभी बच्चों से मिलकर उनके हाल चाल जाना और उनके साथ समय बिताया। कार्यक्रम में देवेंद्र साहू, कुशाग्र साहू, गीतांश साहू, सावित्री साहू, विमला साहू, मनोरमा साहू, स्नेहलता आदि मौजूद रहे।



## सतनामी समाज का गठन, आनंद बने अध्यक्ष

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज सुनसुनिया परिक्षेत्र के समाजजनों व जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, सचिव रेखराज बघेल, प्रवक्ता विजय मिर्चे, महंत किशुन पाटले, यूथ जिलाध्यक्ष तरुण व्यवहार व परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष पुरानिक निराला, यूथ जिला सचिव तेजराम चौलिक की मौजूदगी में बैठक हुई।



जिला सचिव रेखराज बघेल ने कहा कि समाज के ऊपर अन्याय अत्याचार दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। शराब या अन्य व्यक्तिगत कारणों से घटना होने पर भी जातिगत तूल देकर वर्षों से निवासरत समाज के घरों को प्रशासन से राजनीतिक दबाव डलवाकर तुड़वाने का आदेश पारित कराया जा रहा है, जो संविधान के विरुद्ध है। इसलिए समाज को गांव से अठगंवा-ब्लॉक-जिला व प्रदेश स्तर तक संगठित होने की जरूरत है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज इसी तरह संगठित करने के साथ समाज में सभी क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने अठगंवा परिक्षेत्र के गठन से संबंधित नियमों व कार्यों के बारे में बताते हुए परिक्षेत्र गठन पर समाज से सहमति लिया। उपस्थित समाजजनों की सर्वसम्मति से सुनसुनिया परिक्षेत्र के पदाधिकारियों का मनोनयन करते हुए जगत पाल मन्नाडे बोहारडीह को संरक्षक, आनंद व्यवहार हाथीगढ़ को अध्यक्ष तथा महेंद्र कुर्रे सुनसुनिया, तिलक रात्रे बकमा, राजा कोसरिया डोकरपाली को उपाध्यक्ष, सचिव फूलदास पहाटिया बागबाहरा, सहसचिव लामेश्वर घृतलहरे सोनदादर, कोषाध्यक्ष राजा कुर्रे कोमा, गीतेश ओगरे बागबाहरा को मीडिया प्रभारी एवं डायमंड ओगरे सुनसुनिया, देवदास ढीढी डोकरपाली, शीत सोनवानी मनबाय, डीगेश बाघ बकमा, प्रकाश टोंडेकर बागबाहरा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों के स्वागत अतिथियों द्वारा करते हुए समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष चिंता साय, उपाध्यक्ष संतोषी व्यवहार, सचिव कार्तिक भारद्वाज, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चित्र रेखा टंडन, ब्लॉक शिक्षा प्रकोष्ठ से राधेश्याम निराला, चिंता कुर्रे व संघर्ष समिति के ब्लॉक अध्यक्ष मोनेंद्र व्यवहार, भुखन कुर्रे व समाजजन उपस्थित रहे।

## 19 अप्रैल से 1 जून तक निर्गम मत सर्वेक्षण का आयोजन, प्रकाशन व प्रचार पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126(क)(ख) के तहत शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को पूर्वाह्न 7 बजे से शनिवार 01 जून 2024 को अपराह्न 06 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण (एक्जिट पोल) के लिए प्रतिबंध अधिसूचित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार कोई भी व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित कालावधि के दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा, ना ही इसके माध्यम से प्रकाशन या प्रचार तथा किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। इस संबंध में एमसीएमसी के नोडल अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

## द्रोणिका के असर से बदला मौसम, हुई बारिश

**नर्रा।** क्षेत्र में चक्रवात द्रोणिका के असर से अचानक मौसम में बदलाव आ गया है। रविवार प्रातः 9 बजे हवाओं के साथ हल्की बौछार पड़ी। इसके बाद दिन में भी बादल छाए रहे और धूप छाव का दौर चलता रहा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वही रविवार रात में बारिश शुरू हुई और थम गई। सोमवार अलसुबह गरज चमक एवं हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश होती रही। मौसम में बदलाव के वजह से दिनभर ठंडी हवाएं चलने से गर्मी से राहत मिली और मौसम में बदलाव होने से तापमान में गिरावट आई। मौसम बदलाव व बारिश से सब्जी की फसलों पर प्रभाव पड़ा। इसके अलावा महुआ, आम फसल पर असर पड़ सकता है। क्षेत्र में बोए गए हजारों एकड़ रबी फसल धन कुछ फसल के लिए फायदेमंद साबित हुआ। कुछ किसानों के धान पकना शुरू हो गए है। इसके लिए नुकसान दायक भी है।

## उन्नति शाखा ने किया भारती का सम्मान



**बसना।** बसना निवासी गायनोलॉजिस्ट डॉक्टर भारती अग्रवाल को एक न्यूज़ चैनल द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान प्राप्त कर डॉ. भारती के बसना आगमन पर अग्रवाल समाज की मारवाड़ी युवा मंच की उन्नति शाखा बसना द्वारा स्थानीय अग्रसेन भवन में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बसना शाखा की अध्यक्ष पिंकी अग्रवाल, सचिव सपना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कंचन अग्रवाल के साथ शाखा सदस्य श्वेता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मधु अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, अरुणा अग्रवाल, संतोष अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## भौगोलिक सूचना प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में भूगोल विभाग व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सुदूर संवेदन और भौगोलिक सूचना प्रणाली विषय पर दो दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता यश कुमार पटेल (अतिथि शिक्षक, भूगोल विशेष पिछड़ी जनजाति आवासीय विद्यालय रुपसेरा, बगीचा जिला - जशपुरनगर) रहे। व्याख्यान का प्रारंभ माता सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ। भूगोल के सहायक प्राध्यापक एमएन सिदार ने मुख्य वक्ता का विद्यार्थियों को परिचय दिया। पीके भोई ने विद्यार्थियों से वर्तमान समय में भौगोलिक सूचना प्रणाली के उपयोगिता के बारे अपना विचार व्यक्त किया। एमएन सिदार ने सुदूर संवेदन के व्यावहारिक अनुप्रयोग को बतलाया। मुख्य वक्ता यश कुमार पटेल ने कार्यशाला के प्रथम दिवस को वर्तमान जनजीवन पर सुदूर संवेदन के महत्व और उपयोगिता विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए संवेदक, विभेदन, विश्लेषण को विभिन्न रेखाचित्र के माध्यम से बतलाया। व्याख्यान के द्वितीय दिवस को भौगोलिक सूचना प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को प्रयोगात्मक विश्लेषण कर बतलाए। व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों ने अपना संशय-समाधान करने के लिए मुख्य वक्ता से प्रश्न किए, जिनका उन्होंने समाधान किया। महाविद्यालय की ओर से मुख्य वक्ता यश कुमार पटेल का सम्मान करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन शाकम्बरी बरिहा चतुर्थ सेमेस्टर भूगोल ने किया। इस दो दिवसीय दिवसीय कार्यशाला में प्राचार्य भोई, एमएन सिदार (विभागाध्यक्ष भूगोल), सत्यप्रकाश खड़बंधे, देवेश राणा सहायक प्राध्यापक भूगोल एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### बिजनेस साईट

## निःशुल्क कीमोथेरेपी की सुविधा अग्रवाल नर्सिंग होम में 11 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार नए नित आयाम के साथ अब कैंसर संबंधित जांच, जैसे सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, ट्यूमर मार्कर, कीमोथेरेपी एवं आपरेशन भी प्रतिदिन बसना में हो रहे है। कैंसर विशेषज्ञ डॉ रमेश कोठारी (संजीवनी सीबीसीसी अस्पताल रायपुर ) 11 अप्रैल को सुबह 10 बजे अग्रवाल नर्सिंग होम बसना उपलब्ध रहेंगे। ज्ञात हो अब तक सैकड़ों कैंसर पीड़ित मरीजों का निःशुल्क केमोथेरेपी तथा आपरेशन की सुविधा अग्रवाल नर्सिंग होम बसना द्वारा सफ़लतापूर्वक किया गया है।

## लाभार्थी सम्मेलन में केंद्र सरकार के विकास कार्यों पर चर्चा

### ग्राम साराडीह में हुआ महिला मोर्चा का लाभार्थी सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ग्राम साराडीह में महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल व युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला मंत्री निरंजना शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच साजन यादव ने किया। उक्त कार्यक्रम में युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

इस दौरान जिला मंत्री निरंजना शर्मा ने कहा कि देश की महिलाओं ने एक बार फिर केंद्र में भाजपा सरकार का गठन करने का संकल्प लिया है। जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भीड़ इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार जो वादा करती है, उसे पूरा भी करती है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जनपद सदस्य डा. वाणी तिवारी ने किया।

इस अवसर पर हुलसी चंद्राकर, कौशल्या बंसल, सुरेखा कंवर, शुभ्रा शर्मा, लक्ष्मी साहू, हेमलता यादव, नंदू जलक्षत्री, अमन वर्मा, आकाश पांडेय, सुनीता देवांगन, चुनेश्वरी साहू, उषा पाल, भगवती करकसे, हेमकांति देवांगन, सारिका यादव, निर्मला कुमार, दुलारी पटेल, पुष्पा साहू सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

